**कार्यालय अध्यक्ष, वाणिज्य कर अधिकरण,उत्तर प्रदेश, लखनऊ।**

संख्या–वा0क0अधि0 / परिपत्र/1579/2023 दिनांकः: लखनऊः:24 अप्रैल 2023

**समस्त सदस्य,**
**वाणिज्य कर अधिकरण,**
**अन्तर्गत उत्तर प्रदेश।**

मुख्यालय द्वारा मानव सम्पदा पोर्टल पर कार्य किये जाने हेतु परिपत्र दिनांक 7.10.2022 निर्गत किया गया था। जिसके माध्यम से समस्त सदस्य पीठ कार्यालयों को निर्देशित किया गया था कि मानव सम्पदा के तीन पोर्टलों पर कार्य करते हुए प्रगति रिपोर्ट से मुख्यालय को अवगत करा दिया जाए।

उक्त के अनुक्रम में समस्त सदस्य पीठ कार्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि मानव सम्पदा पोर्टल से सम्बंधित कर्मचारियों का डाटा 31 मई 2023 तक अवश्य फीड कर लिया जाए ताकि 01 जून 2023 से मानव सम्पदा के तीनो पोर्टल से कार्य प्रारम्भ किया जा सके। समस्त पीठ कार्यालय 31 मई 2023 तक डाटा फीडिंग करने के उपरान्त प्रगति रिपोर्ट से मुख्यालय को अवगत कराये। उक्त आदेशों का अनुपालन कडाई से किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**भवदीय,**
ह0 24.04.2023
**(अरविन्द मलिक)**
**एच0जे0एस0**
अध्यक्ष, वाणिज्य कर अधिकरण
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

**पृष्ठांकन संख्या– पत्रांक एवं दिनांक तद्।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निबन्धक, वाणिज्य कर अधिकरण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2. प्रशासनिक अधिकारी, मुख्यालय।
3. वरिष्ठ सहायक–स्थापना प्रथम मुख्यालय को इस निर्देश के साथ कि मुख्यालय पर कार्यरत कर्मचारियों का डाटा उनके साथ सम्बद्व कर्मचारी से 30 अप्रैल 2023 तक किया जाना सुनिश्चित किया जाए ताकि मुख्यालय पर मानाव सम्पदा के अवकाश से सम्बंधित पोर्टल का प्रथम चरण का कार्य 01 मई 2023 से प्रारम्भ कराया जा सके।
4. वेबअधिकारी, मुख्यालय लखनऊ।

ह0 24.04.2023
**(अरविन्द मलिक)**
**एच0जे0एस0**
अध्यक्ष, वाणिज्य कर अधिकरण
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

**भवदीय**

प्र0 निबन्धक, वाणिज्य कर अधिकरण,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ